दिन– मंगलवार | दिनांक– 24 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने बिहार समेत चार राज्यों में तीन मल्टी ट्रैकिंग रेलवे परियोजनाओं को दी मंजूरी।

02 केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल तीन दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा और विकास परियोजनाओं की करेंगे समीक्षा।

03. शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा – प्रदेश के स्कूल, कॉलेजों में अब आपदा प्रबंधन की भी होगी पढ़ाई।

04. और, राज्य में जनगणना के पहले चरण में मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। दो मई से घर–घर सर्वेक्षण का कार्य होगा शुरू।

---

केंद्र सरकार ने बिहार समेत चार राज्यों में तीन मल्टी ट्रैकिंग रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव स्वीकार किये गये। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि इन तीनों रेल परियोजनाएं के निर्माण से रेल नेटवर्क का विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत ये परियोजनाएं क्रियान्वित की जायेंगी।

———बाइट———

---

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने देश में त्रुटिरहित मतदाता सूची पर जोर देते हुए कहा कि यह किसी भी लोकतंत्र की आधारशिला है। श्री कुमार ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयुक्तों के राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही।

———बाइट———

त्रुटिहीन मतदाता सूची किसी भी लोकतंत्र की नींव होती है। निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू किया है, जिसके अंतर्गत भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार सभी पात्र मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल किया जा रहा है और अपात्र मतदाताओं को बाहर किया जा रहा है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि सभी पात्र मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने और अपात्र मतदाताओं को इससे बाहर रखने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर प्रक्रिया शुरू की गई थी। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया बिहार में शुरू की गई थी, जो बिना किसी अपील के त्रुटिरहित रूप से पूरी हो गई। श्री कुमार ने कहा कि वर्तमान में बारह राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया चल रही है और इनमें से ग्यारह राज्यों ने अपनी मतदाता सूची प्रकाशित कर दी है।

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल तीन दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। श्री शाह राज्य के सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा उपायों, प्रशासनिक तैयारियों और विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री भारत–नेपाल सीमा से लगे क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था के मुद्दे पर अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार वे अपराह्न चार बजे पूर्णिया पहुंचेंगे और किशनगंज के मेची सभागार में समीक्षा बैठक करेंगे। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि गृह मंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

–––बाइट–––

---

बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के सोलहवें दिन आज दोनों सदनों की कार्यवाही सुचारू रूप से चली। विधानसभा की कार्यवाही के दौरान पटना में चौकीदारों पर हुए लाठीचार्ज की घटना को लेकर विपक्षी सदस्यों में हंगामा किया। इसे लेकर सत्तापक्ष और विपक्षी सदस्य आमने–सामने आ गए। राजद के भाई बिरेन्द्र और अन्य सदस्य वेल में आकर हंगामा करने लगे। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने हस्तक्षेप किया और सदन की कार्यवाही आगे बढ़ाई। संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि सरकार ने किसी के प्रदर्शन पर रोक नहीं लगाई है। उन्होंने कहा कि जायज मांगों पर विचार किया जाएगा।

–––बाइट–––

इससे पहले, विधानसभा के बाहर भी राजद सदस्यों ने इस मुद्दे को लेकर हंगामा किया। भोजनावकाश के बाद सदन में विधायी कार्य निपटाए गए। सदन ने बिहार तकनीकी सेवा आयोग संशोधन विधेयक–दो हजार छब्बीस, बिहार कर्मचारी चयन आयोग विधेयक–दो हजार छब्बीस और बिहार नगर पालिका संशोधन विधेयक–दो हजार छब्बीस को ध्वनि मत से पारित कर दिया।

---

राज्य सरकार ने कहा है कि आपदा प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए इसे पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाएगा। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने विधानसभा में माकपा के अजय कुमार के प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि डिजास्टर मैनेजमेंट की पढ़ाई अब सभी स्कूल और कॉलेजों में होगी।

---बाइट---

एक अन्य प्रश्न के जवाब में शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य के सभी स्कूलों में चालीस करोड़ रुपये की लागत से सेनेट्री पैड वेंडिंग मशीन लगाई जाएगी।

---बाइट---

---

इधर, विधान परिषद की कार्यवाही आज भी सुचारू रूप से चली। कांग्रेस पार्षद मदन मोहन झा ने आज सदन में एएनएम कर्मियों के वेतन भुगतान का मुद्दा उठाया। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने अपने उत्तर में कहा कि सात हजार तीन सौ तैंतीस एएनएम कर्मियों में से लगभग पैंसठ सौ कर्मियों का वेतन भुगतान कर दिया गया है। शेष कर्मियों का वेतन भुगतान भी जल्द कर दिया जाएगा। विधान परिषद में विनियोग विधेयक दो हजार छब्बीस पर चर्चा हुई। चर्चा के बाद ध्वनिमत से इसे पारित कर दिया गया।

---

बिहार विधानसभा की कार्यवाही देखने आज सेंट कैरेन्स सेकेंडरी स्कूल, दानापुर के छात्र विधानसभा पहुंचे। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने छात्रों के साथ ग्रुप फोटोग्राफी कराकर उनका मनोबल बढ़ाया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि ऐसी पहल से छात्रों में संसदीय परंपरा की बेहतर समझ विकसित होगी।

---

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन आज बिहार दौरे पर हैं। श्री नवीन पटना में पार्टी पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। बैठक में अन्य मुद्दों के साथ ही सोलह मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर एनडीए की रणनीति पर चर्चा की जा रही है।

---

राज्यसभा चुनाव को लेकर प्रदेश के राजनीतिक गलियारे में हलचल बढ़ गयी है। पांच सीटों के लिए सोलह मार्च को चुनाव कराया जाएगा। इस बीच, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव माधव आनंद ने कहा है कि पांचवीं सीट पर भी एनडीए की जीत होगी। श्री माधव ने कहा कि लंबे संसदीय अनुभव को देखते हुए रालोमो अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा को राज्यसभा भेजा जाना चाहिए।

---बाइट---

---

राज्य में जनगणना के पहले चरण में मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। इसके बाद सत्रह अप्रैल से मोबाईल ऐप के माध्यम से स्व-गणना की प्रक्रिया शुरू होगी। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा है कि दो मई से घर-घर सर्वेक्षण का कार्य शुरू किया जाएगा। श्री अमृत आज पटना में भारत की जनगणना दो हजार सत्ताईस को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए आयोजित राज्य स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सम्मेलन में शामिल अधिकारियों को पूरी टीम भावना, सतर्कता और पारदर्शिता के साथ जनगणना का कार्य पूरा करने के निर्देश दिये हैं।

---बाइट---

---

पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव को लेकर प्रचार का कार्य तेज हो गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी किये जाने के बाद अध्यक्ष पद के ग्यारह उम्मीदवारों सहित सभी प्रत्याशियों ने आज अलग-अलग महाविद्यालयों में प्रचार-प्रसार किया। प्रचार का कार्य छब्बीस फरवरी को समाप्त हो जाएगा। छात्र संघ चुनाव अट्ठाईस फरवरी को होगा और उसी दिन मतों की गिनती की जाएगी।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की वार्षिक मैट्रिक परीक्षा के छठे दिन आज एच्छिक विषयों की परीक्षा आयोजित की गई। राज्यभर के विभिन्न केंद्रों पर दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपर्वूक संपन्न हो गयी।

---

बोधगया के विश्व प्रसिद्ध महाबोधि मंदिर के ऐतिहासिक स्वरूप को बनाये रखने के लिए गयाजी में बोधगया मंदिर सलाहकार बोर्ड की द्विवार्षिक बैठक आयोजित की

गयी। बैठक में मुख्य रूप से महाबोधि कॉरिडोर परियोजना और यूनेस्को के दिशा–निर्देशों के बीच सामंजस्य बैठाने पर चर्चा हुई। ब्योरा हमारे संवाददाता से–

–––बाइट–––

श्रीलंका की उच्चायुक्त महिषिणी कोलोने की अध्यक्षता में हुई बोधगया मंदिर सलाहकार बोर्ड की हुई बैठक में भारत, थाईलैंड, म्यांमार, जापान, कम्बोडिया, लाओस, भूटान और मंगोलिया के राजनयिक और तिब्बती धर्म गुरू दलाई लामा के प्रतिनिधि शामिल हुये। बैठक में महाबोधि मंदिर कॉरिडोर के निर्माण में यूनेस्को के संरक्षण मानकों का सख्ती से पालन करने पर सहमति बनी। साथ ही मंदिर के पांच सौ मीटर के दायरे में निर्माण कार्य और दो किलोमीटर के दायरे में इमारतों की ऊंचाई पर जारी प्रतिबंध को बरकरार रखने का फैसला किया गया। इसके अलावा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को मंदिर के रखरखाव में अपनी सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिये गये। बैठक के अंत में जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने मंदिर के आस–पास चल रही विकास परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत प्रस्तुति दी। आकाशवाणी समाचार के लिए गयाजी से धर्मवीर भारती।

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने आज दरभंगा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के माता राधा देवी सरावगी के श्राद्धकर्म में शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन भी श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय समेत अनेक गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि सभा में भी भाग लिया।

---

कैमूर पुलिस ने जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग युवती को राजस्थान के झुनझुनू से सकुशल बरामद कर लिया है।

---

जहानाबाद जिले के संयुक्त श्रम भवन सभागार में पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

---

बेगूसराय की स्थानीय अदालत ने छब्बीस साल पहले हुई हत्या के एक मामले में दस दोषियों को आजीवन कारवास की सजा सुनाई है।

---

रोहतास जिला मुख्यालय, सासाराम में साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीव्यूशन कंपनी ने इएसआई योजनाओं की जानकारी देने के लिए जागरूकता शिविर लगाया।

---

पश्चिम चंपारण जिले के बगहा पुलिस जिला अंतर्गत सेमरकोल में बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति की ओर से एचआईवी, सिफलिस जांच शिविर का आयोजन किया गया।

---

औरंगाबाद में महिलाओं में सुरक्षा भाव सुनिश्चित करने के लिए महिला पुलिस कर्मियों की अभ्या ब्रिगेड ने पुलिस केंद्र से स्कूटी रैली निकाली।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. केंद्र सरकार ने बिहार समेत चार राज्यों में तीन मल्टी ट्रैकिंग रेलवे परियोजनाओं को दी मंजूरी।

02 केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल तीन दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा और विकास परियोजनाओं की करेंगे समीक्षा।

03. शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा – प्रदेश के स्कूल, कॉलेजों में अब आपदा प्रबंधन की भी होगी पढ़ाई।

04. और, राज्य में जनगणना के पहले चरण में मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। दो मई से घर–घर सर्वेक्षण का कार्य होगा शुरू।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।